कुलपति ने छात्रों से संवाद कर लिया फीडबैक

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कुकरेजा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलाजी का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने बीएचएमसीसी पाठ्यक्रम के छात्रों से संवाद किया। मैस में जाकर कैटरिंग प्रबंधन की फीडबैक प्राप्त की।

कुलपति ने संस्थान की एकेडमिक, प्रशासनिक संचालन की गतिविधियों का आकलन किया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबलाइजेशन के दौर में ढेर सारे मौके उपलब्ध होंगे। जरूरत उन मौकों को भुनाने की है। कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत नया पाठ्यक्रम

यूटीयू के कुलपति ने किया कुकरेजा इंस्टीट्यूट का औचक निरीक्षण



विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। पाठ्यक्रमों के मॉडल पेपर भी पब्लिक डोमेन में अपलोड होंगे। उन्होंने कहा कि संस्थानों का एकमात्र लक्ष्य



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

प्लेसमेंट होने के बजाय सृजनात्मक सोच के साथ प्रोडक्ट मोडिफिकेशन की होनी चाहिए। इस मौके पर हिमांशु कुकरेजा, निदेशक अनिल तालुकदार, उप निदेशक केडी सिंह, एचओडी प्रियंका धींगरा, मनीष नेगी, मनीष पाल, अभिषेक राय, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट आफिसर करिश्मा थापा समेत अनेक छात्र व शिक्षक मौजूद थे।

Scanned with CamScanner